# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–29 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र के बाद भारत, अब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र के दरवाजे भी निजी क्षेत्र के लिए खोल रहा है। यह बातें उन्होंने आज जापान की राजधानी टोक्यो में जापान आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए कहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत निवेश के सबसे भरोसेमंद बाजार के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता तथा नीतियों में पारदर्शिता है।

**आज भारत विश्व की सबसे तेज ग्रो करने वाली मैजर इकोनॉमी है और बहुत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनोमी बनने जा रहा है। वैश्विक ग्रोथ में भारत 18 परसेन्ट योगदान दे रहा है।**

**********

आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष उन्तीस अगस्त को हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा है कि मेजर ध्यानचंद की विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती है। वहीं, देश के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज सुबह नई दिल्ली में मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

आज से ही फिट इंडिया का अखिल भारतीय खेल आंदोलन भी शुरू हो गया है, जो इकतीस अगस्त तक चलेगा। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने बताया कि तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी खेल और फिटनेस आंदोलन एक घंटा, खेल के मैदान में थीम के तहत मनाया जा रहा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के गोमती नगर स्थित मोहम्मद शाहिद स्टेडियम में आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कभी भी मेजर ध्यानचंद की बात आती है तो हर भारतीय के मन में हॉकी की स्टिक नजर आने लगती है। उन्होंने द्वारा खेलों को बढ़ावा दिये जाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया।

**खेल के क्षेत्र में एक नई क्रांति देश के अंदर आ रही है। खेल की गतिविधियों कों आगे बढ़ाया जा रहा है। खेल की नई नीति को लागू कर दिया गया है। नये खिलाड़ियों को अब मंच मिलेंगे। वेजेज मिलेंगे। अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर मिलेगा। और इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने भी तय किया है प्रदेश के अंदर हर कमिश्नरी में एक–एक स्पोर्ट्स कॉलेज होना चाहिए जिससे अधिक से अधिक खिलाड़ियों को अवसर मिल सके।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। साथ ही राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्रदेश के अठासी पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि भी दिया।

प्रदेश के वाराणसी और महराजगंज सहित अन्य कई जिलों में भी राष्ट्रीय खेल दिवस पर विविध आयोजन किए गए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में राज्य निर्वाचन आयोग के प्रदेश कार्यालय का शिलान्यास किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि अगर स्थानीय निकाय और पंचायती राज व्यवस्था मजबूत है तो विधानसभा और लोकसभा में भी मजबूत जनप्रतिनिधि चुन कर जाते हैं।

**लोकतांत्रिक व्यवस्था अगर मजबूत है तो हर संस्था अपने आप ही संवेदनशील बनती है, विकास के प्रति आग्रही बनती है। आज के इस अवसर पर यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। एक दूरदर्शितापूर्ण कार्य है। भविष्य को देखने का कार्य है। क्योंकि हमारा भविष्य प्रधानमंत्री जी ने सुनिश्चित किया है कि दो हजार सैंतालीस तक आते आते भारत विकसित भारत होगा।**

मुख्यमंत्री आज ही प्रतापगढ़ जिले में पहुंचे। वहां उन्होंने पांच सौ सत्तर करोड़ रुपये की एक सौ छियासी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर भी उन्होंने एक जनसभा को सम्बोधित किया और कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रतापगढ़ प्रगति का गढ़ बन चुका है।

मुख्यमंत्री आज दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर भी हैं। उनका यह दौरा मॉरीशस के प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों और बाढ़ से बचाव तथा राहत कार्यों के जायजे से जुड़ा है।

**********

देश भर के अलग अलग हिस्सों और पूर्वी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में वाराणसी पहुंचे श्रद्धालुओं ने आज लोलार्क कुंड में षष्ठी का स्नान किया। स्नान के दौरान वहां पर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध रहे। ऐसी मान्यता है कि अगर कोई दंपति एक साथ इस कुंड में स्नान करते हैं तो उनकी मन्नत पूरी हो जाती है।

**********

अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की आरती में अब श्रद्धालु भी शामिल हो सकेंगे। इसके लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने वॉक–इन सुविधा शुरू कर दी है। इसके तहत प्रतिदिन मंगला, श्रृंगार और शयन आरती के लिए पंद्रह–पंद्रह पास जारी किए जा रहे हैं। यात्री सेवा केंद्र से सुबह नौ बजे से आरती के लिए यह पास वितरित हो रहे हैं।

**********